समीक्षा

मिलावटी, अशुद्ध खाद्य सामग्री उत्पादन पर होगी कार्रवाई, पांच लापरवाह अधिकारियों को नोटिस जारी

समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों में करें भीड़ प्रबंधन



नवभारत,कटनी। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा है कि सभी एसडीएम और तहसीलदार प्रतिदिन समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें। उपार्जन केन्द्रों पर छन्ना, पंखा, पेयजल और बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही केन्द्रों में किसानों की भीड़ प्रबंधन और गेहूं के परिवहन पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा और नवागत सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर मौजूद रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का निराकरण न करने पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी और जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी व मध्यप्रदेश जल निगम के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में खराब रैंकिंग पर जिला खनिज अधिकारी और सीएमचओ से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। साथ ही डीएफओ को लंबित शिकायतों के निराकरण में प्रगति और सुधार के लिए पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डिजिटाइजेशन कार्य में रूचि नहीं लेने वाले पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। उन्होंने लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाह्य लंबित आवेदनों पर पंचायत सचिवों के विरूद्ध अर्थदंड लगाने की कार्रवाई करने के भी निर्देश जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए। जनगणना कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने तहसीलदारों द्वारा प्रगणकों को 30 अप्रैल तक किट वितरित करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत के सीईओ और पंचायत सचिवों को 1 मई से शुरू होने वाले मकान सूचीकरण के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने जलगंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को प्राप्त लक्ष्यों को तय समय में पूरा कर पोर्टल पर इंट्री करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिला पंचायत, महिला बाल विकास, राजस्व, कृषि, जल संसाधन, आदिम जाति कल्याण, मत्स्य, वन, भू-अभिलेख, प्रदूषण नियंत्रण, खाद्य, आबकारी, शिक्षा आदि विभागों के अंतर्गत लंबित टीएल पत्रों की समीक्षा की और लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभियान चलाकर मिलावटी, अशुद्ध खाद्य उत्पाद बनाने वाली जिले की बड़ी फैक्ट्रियों में औचक निरीक्षण कर उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि ने बताया कि 559 के लक्ष्य की तुलना में अब तक 509 किसानों ने पैसा जमा कर दिया है और अब तक 36 किसानों के यहां सोलर पंप स्थापित किए गए हैं। जिस पर कलेक्टर ने एलडीएम को शेष किसानों के ऋण स्वीकृत कराने के निर्देश दिए, ताकि शेष किसानों के यहां भी सोलर पंप स्थापित किया जा सके। कलेक्टर ने महिला और बाल विकास विभाग को आधार सुधार की सभी बायोमेट्रिक मशीनें एक्टिवेट कराकर परियोजनाओं में चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने को-ऑपरेटिव बैंक को कृषि विभाग से समन्वय कर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के लिए सदस्यता अभियान चलाकर किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग में रिक्त पदों की जानकारी दो दिनों के भीतर देने, ताकि लंबे समय से लंबित अनुकंपा नियुक्तियों को जल्द पूरा किया जा सके।



सीवर लाइन खुदाई से लगा जाम, परेशान हुए राहगीर

यातायात पुलिस की तैनाती बढ़ाने की मांग

नवभारत, कटनी। शहर के मुख्य हृदय स्थल मिशन चौक के पास इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बरगवां रोड पर भट्टा मोहल्ला मोड़ के पास चल रही सीवर लाइन की खुदाई के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुदाई कार्य के कारण सड़क के एक बड़े हिस्से को बंद कर दिया गया है, जिससे आने-जाने वाले पूरे ट्रैफिक को मुख्य सड़क के सिर्फ एक हिस्से पर शिफ्ट कर दिया गया है। इस बदलाव की वजह से वाहनों का दबाव बढ़ गया है और हर दिन जाम लगने की समस्या हो रहा है। लोग 1 से 2 घंटे तक लंबे जाम में फंसने को मजबूर हो गए हैं। सुबह और शाम में स्थिति और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो जाती है। सीवर लाइन का काम आवश्यक होने के कारण फिलहाल सड़क की चौड़ाई कम है। ऐसे में जाम की स्थिति से बचने के लिए नागरिकों से कहा गया है कि जरूरी न हो तो बरगवां रोड के इस हिस्से का उपयोग करने से बचें। मिशन चौक से बरगवां या दूसरी ओर जाने के लिए अधिक से अधिक मिशन चौक फ्लाई ओवर का उपयोग करें, ताकि मुख्य सड़क पर दबाव कम हो सके। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि खुदाई स्थल पर यातायात पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए ताकि वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित किया जा सके। यातायात पुलिस की तैनाती से जाम भी नहीं लगेगा। वाहनों के व्यस्थित आवागमन से जाम लगने की संभावना कम हो जाएगी। यातायात पुलिस की तैनाती से जाम नहीं लगेगा।

एक नजर में

समर्थन मूल्य पर जारी है चना, मसूर की खरीदी

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में समर्थन मूल्?य पर जिले में चना और मसूर का उपार्जन जारी है। उपार्जन के लिए जिले में स्थापित 6 केन्द्रों में अब तक 128 किसानों से 170 मीट्रिक टन चना, 91 किसानों से 184 मीट्रिक टन मसूर का उपार्जन किया गया है। समर्थन मूल्य पर जारी उपार्जन नीति के अनुसार जिले में चना और मसूर का उपार्जन 28 मई तक किया जाएगा। जिले में चना के उपार्जन हेतु 4 हजार 624 जबकि मसूर के उपार्जन के लिए 1 हजार 619 कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। शासन द्वारा चना का समर्थन मूल्य 5875 रूपए प्रति क्विंटल और मसूर का 7 हजार रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने सभी पंजीकृत किसानों से निर्धारित समय में अपनी उपज का विक्रय करने का आग्रह किया हैं। उन्होंने किसानों से उपार्जन केन्द्रों पर फेयर एवरेज क्वालिटी का ही उपज लेकर आने का आग्रह किया है। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत सत्यापित कृषक द्वारा स्वयं के मोबाईल, एमपी ऑनलाईन, सीएससी, लोकसेवा केन्द्र, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकिती है। स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोड़कर की जा सकेगी।

चलती एक्टिवा में अचानक लगी आग, चालक सुरक्षित

आग लगते ही एक्टिवा से उतरकर चालक ने बचाई जान



नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के मिशन चौक ओवरब्रिज पर सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती एक्टिवा में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते स्कूटी आग की लपटों से घिर गई और पूरी तरह जलकर खाक हो गई। राहत की बात यह रही कि चालक ने समय रहते सूझबूझ दिखाई और गाड़ी से उतर गया, जिससे उसकी जान बाल-बाल बची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 11 बजे एक एक्टिवा चालक चांडक चौक से बरगवां की ओर जा रहा था। जैसे ही वह मिशन चौक ओवरब्रिज के ऊपर आजाद चौक के पास पहुंचा गाड़ी में अचानक स्पार्किंग हुई और चिंगारियां निकलने लगीं। खतरा भांपते ही चालक ने तत्काल गाड़ी रोकी और नीचे उतर गया। स्कूटी में आग लगते ही ब्रिज पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को कुछ करने का मौका नहीं मिला। वहां मौजूद राहगीरों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद कुछ देर के लिए ओवरब्रिज पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

यातायात नियमों का करें पालन, परिवार और मित्रों को भी करें जागरूक

यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



नवभारत, कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में यातायात सुरक्षा अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल सहित महाविद्यालय स्टाफ और काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी केके पटेल द्वारा बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। हेलमेट नहीं तो वाहन नहीं के नियम का पालन करने, बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने की के लिए कहा गया। थाना प्रभारी ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले राहगीर को शासन द्वार 5,000 की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा किसी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाती। उन्होने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर के अंदर 1.5 लाख तक का कैशलेस उपचार शासकीय और चिन्हित निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। यह सुविधा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दी जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं से कहा गया है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार, मित्रों, समाज में भी लोगों को हेलमेट उपयोग, राहगीर योजना और दुर्घटना सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

रेलवे स्टेशन में हैंडपंप खराब, भीषण गर्मी में पेयजल के लिए भटकते हैं यात्री

कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई



नवभारत, कटनी। जिले के रीठी तहसील मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन इन दिनों यात्रियों की भारी परेशानी का कारण बना हुआ है। भीषण गर्मी के इस मौसम में जहां पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, वहीं स्टेशन पर पीने के पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। स्टेशन परिसर में लगे हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं। न तो उनकी मरम्मत की गई है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। मजबूरन यात्रियों को बाजार से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। तेज गर्मी के चलते हालात और भी गंभीर हो गए हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं। ट्रेन का इंतजार करते समय यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। रीठी रेलवे स्टेशन से रोजाना कटनी, जबलपुर, बिलासपुर, दमोह, सागर, बीना और भोपाल जैसे प्रमुख शहरों के लिए यात्री सफर करते हैं।

इसके बावजूद यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव चिंता का विषय है। एक ओर सरकार रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं रीठी स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। यह स्थिति सरकारी दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत कराने और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि उन्हें इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

शराब सहित पकड़ी गईं महिलाएं



नवभारत, कटनी। बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र के करहिया गांव के अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर पुलिस ने काफी मात्रा में कच्ची जब्त की है। पुलिस ने बताया कि करहिया गांव की रामदुलारी मांझी से तीन लीटर, चंद्रकला नरगड़िया से चार लीटर, अंगुली सनोडिया से पांच लीटर, देववती नरगड़ियों से तीन लीटर शराब जब्त की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई के दौरान मौके से काफी मात्रा में लहान भी जब्त कर मौके पर ही नष्ट कराया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

गांव-गांव करें प्रचार, तकनीकी शिक्षा के छात्रों को दिलाएं आईटीआई में प्रवेश

कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई कौशल विकास समिति की बैठक



नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कौशल विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पीएमआईएस योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष बल दिया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पॉलिटेक्निक प्राचार्य, तिलक स्नातकोत्तर कॉलेज और आईटीआई संस्थाओं के समन्वित प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन कराया जाए, ताकि उन्हें रोजगार और उद्यमिता के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। साथ ही मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए बीमा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग को पत्र भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आईटीआई प्रवेश सत्र 2026-27 में अधिकतम प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए ठोस रणनीति तैयार की जाए। इसके लिए ग्रामीण स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार करने और युवाओं को आईटीआई के महत्व, रोजगारपरक प्रशिक्षण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे स्कूलों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आईटीआई का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। साथ ही जनपद स्तर पर रोजगार सहायकों के सहयोग से भी युवाओं तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

स्वैच्छिक संगठनों की बैठक आज

नवभारत, कटनी। मप्र जन अभियान परिषद् के द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण के लिए दृष्टि योजनान्तर्गत पंख कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तर पर कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन मंगलवार 28 अप्रैल को दोपहर 4 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया है। बैठक के दौरान जिले के सभी संबंधित सरकारी विभागों के अधिकारियों को स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

वर्षा जल संचयन को जनआंदोलन बनाना आवश्यक



संतों और स्थानीय समुदाय ने तेज की जल संरक्षण की पहल

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान क्षेत्र में बढ़ते जल संकट को देखते हुए छोटी नदियों के पुनर्जीवन के लिए संतों और स्थानीय समुदाय ने पहल तेज कर दी है। भारत लाल नामदेव ने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है और वर्ष 2050 तक जल की मांग में करीब 50 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है । ऐसे में जल संरक्षण और वर्षाजल संचयन को जन-आंदोलन बनाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और संवर्धन के लिए सामाजिक सहभागिता जरूरी है। जल संरक्षण की शुरुआत घर, खेत और गांव स्तर से करनी होगी, तभी बढ़ती जल आवश्यकता को पूरा किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' में भी नदियों के महत्व पर जोर देते हुए 'विश्व नदी दिवस' की उपयोगिता बताई गई है। हमारे लिए नदियां केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि जीवनदायिनी माताएं हैं। भारत लाल नामदेव ने बताया कि देश के अधिकांश गांव आज भी भूजल पर निर्भर हैं, जबकि कई स्थानों पर दो-तीन दिन में एक बार ही पेयजल मिल पा रहा है । ऐसे में छोटे-बड़े तालाबों और नदियों का पुनर्जीवन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नर्मदा नदी की सहायक नदियां सूखने से उसका प्रवाह भी प्रभावित हो रहा है । इसी को ध्यान में रखते हुए हिरण नदी की सहायक 23 किलोमीटर लंबी दतला नदी के पुनर्जीवन का कार्य पिछले 5 वर्षों से सामुदायिक सहयोग से किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नदी की सफाई, गाद निकालना, बोरी बंधान, बोल्डर बंड, कंटूर ट्रेंच और चेकडैम निर्माण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी से रेत और पानी के अनियंत्रित दोहन पर नियंत्रण भी संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को इन तकनीकों का प्रशिक्षण देकर सक्षम बनाना जरूरी है, ताकि वे स्वयं जल संरक्षण कार्यों में भागीदारी निभा सके।

बैठक

समय-सीमा की बैठक में नगर निगम आयुक्त ने की योजनाओं के कार्यों और लंबित मामलों की समीक्षा

अवैध प्लॉटिंग की करें निगरानी, कॉलोनाइजर के खिलाफ दर्ज कराएं एफआईआर



नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा सोमवार को एमआईसी सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में निगम की विभिन्न शाखाओं की योजनाओं, लंबित प्रकरणों और जनहित से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे विभागीय कार्यों की पूरी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें और सभी प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में पारदर्शी निराकरण करें। बैठक सी एम हेल्पलाइन, राजस्व वसूली, पेयजल आपूर्ति, निर्माण कार्यों सहित शासन की प्राथमिक योजनाओं की प्रगति का विस्तृत समीक्षा कर आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़ी नगर निगम की गतिविधियों की समीक्षा कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए जलप्रदाय शाखा को लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत, खराब हैंडपंपों का सुधार और पाइपलाइन विस्तार कार्य प्राथमिकता से पूरा कराने के साथ ही आवश्यकतानुसार टैंकर व्यवस्था और जलापूर्ति की समुचित योजना तैयार करने निर्देश जलप्रदाय शाखा को दिए। जन सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए निगमायुक्त ने शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, बहुमंजिला भवनों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मानकों का अनिवार्य पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ ही अनाधिकृत कॉलोनियों में भवनों के निर्माण पर रोक लगाने के साथ ही अवैध प्लाटिंग पर निगरानी बढ़ाने और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने कंपाउंडिंग के प्रकरणों की भी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए भी कहा है। नगर निगम के माध्यम से संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं संबल योजना, पीएम स्वनिधि योजना सहित जन्म-मृत्यू, विवाह पंजीयन, ई-केवाईसी के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने और नगर के अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को स्वनिधि योजना का नियमानुसार लाभ देने के लिए कहा है। निगमायुक्त ने प्रधान मंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के तहत राशि वितरण, एएचपी योजना के तहत झिंझरी में निर्मित भवनों की गति सहित अमृत योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार और रेस्टोरेशन के कार्यों की समीक्षा कर कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारियों द्वारा रोजाना नगर भ्रमण के दौरान की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024